मरुधर व साबरमती ट्रेनें सिटी स्टेशन से चलेंगी

वाराणसी | कार्यालय संवाददाता

उत्तर रेलवे के कैंट स्टेशन से 15 और ट्रेनों को पूर्वोत्तर रेलवे के मंडुवाडीह और सिटी स्टेशनों पर शिफ्ट करने तैयारी है। इसमें मरुधर और साबरमती एक्सप्रेस को सिटी स्टेशन से चलाने पर विचार किया जा रहा है। मंडुवाडीह और सिटी स्टेशन पर संसाधन विकसित होने के बाद ट्रेनों को यहां शिफ्ट कर दिया जाएगा।

लोहता बाइपास लाइन का काम पूरा होने के बाद जनवरी में कैंट से काशी विश्वनाथ एक्सप्रेस समेत पांच ट्रेनों को मंडुवाडीह शिफ्ट कर दिया गया था। अब 15 और ट्रेनों की सूची पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी मंडल को भेजी गई है। इन ट्रेनों को लेने के लिए वाराणसी मंडल संसाधन तैयार होने का इंतजार कर रहा है। वाशिंग पिट-2 के तैयार होने और एक अन्य स्टेबलिंग लाइन का काम पूरा होते ये 15 ट्रेनें वाराणसी मंडल ले लेगा। इसमें से कुछ ट्रेनें टर्मिनेटिंग स्टेशन के तौर पर तैयार हो चुके सिटी स्टेशन पर ली जाएंगी। मरुधर एक्सप्रेस और साबरमती एक्सप्रेस को सिटी से चलाने पर विचार किया जा रहा है। सिटी स्टेशन पहले ही पांच प्लेटफार्म का हो चुका है। वाशिंग लाइन व स्टेबलिंग लाइन का काम अंतिम दौर में है। वाराणसी मंडल के पीआरओ अशोक कुमार ने बताया कि जरूरी संसाधन पूरा होने के बाद 15 ट्रेनें दोनों स्टेशनों के लिए ली जाएंगी।

कम होगा भार

- कैंट से शिफ्ट होने वाली ट्रेनों को सिटी से चलाने की तैयारी
- 15 ट्रेनों की सूची पूर्वोत्तर रेलवे को भेजी गई है

सर्कुलेटिंग एरिया का हो रहा विस्तार

टर्मिनेटिंग स्टेशन होने पर सिटी स्टेशन पर यात्रियों की भीड़ बढ़ेगी। ऐसे में इसके सर्कुलेटिंग एरिया का दायरा बढ़ाया जा रहा है। पुराने भवन को तोड़कर दायरा बढ़ाने के साथ ही यहां यात्री सुविधाएं बढ़ाई जा रही हैं।